भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2298

12.03.2026 को उत्तर के लिए

मिष्टी योजना

2298. श्री लहर सिंह सिरोया :
श्री मस्तान राव यादव बीडा :
डा. कविता पाटीदार :
डा. केसरीदेवसिंह झाला :
श्रीमती किरण चौधरी :
डा. परमार जशवंतसिंह सालमसिंह :
श्री हर्ष वर्धन श्रृंगला :
श्री नरहरी अमीन :
श्री उज्जवल देवराव निकम :
श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े :
श्री चुन्नीलाल गरासिया :
श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण :
श्री अमर पाल मौर्य :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों, विशेष रूप से महाराष्ट्र में, मैंग्रोव आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से मिष्टी योजना के तहत अब तक प्राप्त प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) तटीय प्रतिरोधिता को सुदृढ़ करने, जैव विविधता के संरक्षण और तटीय समुदायों की सतत आजीविका को समर्थन देने के लिए मैंग्रोव विस्तार हेतु कौन-सी रूपरेखा का कार्यान्वयन किया गया है;

(ग) इस योजना के तहत पारिस्थितिक और आजीविका प्रभावों का आकलन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले निगरानी और परिणाम संकेतकों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या मंत्रालय मिष्टी योजना को अतिरिक्त तटीय क्षेत्रों तक विस्तारित करने के लिए अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करने का विचार रखता है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री :
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) जैसा कि केंद्रीय बजट 2023-24 में घोषित किया गया था, तटरेखा आवास और मूर्त आय के लिए मैंग्रोव पहल (मिष्टी) की शुरूआत मैंग्रोव को बहाल और उसका अधिक विस्तार करने तथा तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के अनुकूलन को बढ़ाने के लिए की गई थी। 9,536 हेक्टेयर नष्ट होते

मैंग्रोव की बहाली के लिए गुजरात, पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुडुचेरी के छह तटीय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को राष्ट्रीय काम्पा के माध्यम से 88.44 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा, राज्य/राष्ट्रीय काम्पा, मनरेगा और राज्य योजनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से 22,560.34 हेक्टेयर क्षेत्र को भी इसके अन्तर्गत लिया गया है। मिष्टी के तहत आवंटित क्षेत्र, जारी और उपयोग किए गए धन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। महाराष्ट्र राज्य सरकार ने मिष्टी के तहत राष्ट्रीय काम्पा से गैप-फंडिंग के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

(ख), (ग) और (घ) मंत्रालय ने मिष्टी के कार्यान्वयन के लिए प्रचालन दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत तटीय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, संचालन की अनुमोदित वार्षिक योजनाओं और बजट उपलब्धता के आधार पर राष्ट्रीय काम्पा के माध्यम से अंतर वित्त पोषण प्रदान करके राज्य/राष्ट्रीय काम्पा, मनरेगा और राज्य योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से अनुमोदित कार्यकलाप किए जाते हैं। इस कार्यक्रम में मैंग्रोव वृक्षारोपण और मैंग्रोव बहाली जैसे मुख्य कार्यकलाप शामिल हैं, साथ ही वन सुरक्षा समितियों (वीएसएस) सहित स्थानीय समुदायों के माध्यम से कार्यान्वित समर्थन कार्यकलाप भी शामिल हैं।

निगरानी के लिए बहुस्तरीय प्रणाली की आवश्यकता होती है जिसमें राज्य स्तर पर भू-टैग वाली तस्वीरें और केएमएल फाइलों सहित स्थल निरीक्षण और भौतिक एवं वित्तीय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना शामिल है। मैंग्रोव की उत्तरजीविता के आकलन के आधार पर सुधारात्मक कार्य किया जाता है। भारतीय वन सर्वेक्षण समय-समय पर सर्वेक्षणों के माध्यम से मैंग्रोव आवरण में परिवर्तन का आकलन करता है।

पारिस्थितिक आवश्यकता, क्षेत्र सत्यापन, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्रस्ताव और धन की उपलब्धता के आधार पर उपयुक्त तटीय क्षेत्रों के विस्तार पर विचार किया जाता है।

*****

अनुलग्नक-I

"मिष्टी योजना" के संबंध में श्री लहर सिंह सिरोया, श्री मस्तान राव यादव बीडा, डा. कविता पाटीदार, डा. केसरीदेवसिंह झाला, श्रीमती किरण चौधरी, डा. परमार जशवंतसिंह सालमसिंह, श्री हर्ष वर्धन श्रृंगला, श्री नरहरी अमीन, श्री उज्जवल देवराव निकम, श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े, श्री चुन्नीलाल गरासिया, श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण और श्री अमर पाल मौर्य द्वारा दिनांक 12.03.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2298 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

सारणी 1: राष्ट्रीय काम्पा से गैप-फंडिंग के ज़रिए मिष्टी के तहत क्षेत्र, आवंटित जारी और उपयोग की गई धनराशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	जिलों की संख्या	मिष्टी के तहत मैंग्रोव पुर्नस्थापन के लिए लिया गया कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	आवंटित/जारी धनराशि (रुपये करोड़ में)	उपयोग की गई राशि (रुपये करोड़ में)
1	**गुजरात**	दो	7500	67.30	6.19
2	**पश्चिम बंगाल**	तीन	478	3.74	3.74
3	**केरल**	एक	13	1.68	0.47
4	**पुदुचेरी**	तीन	55	1.94	0.00
5	**आंध्र प्रदेश**	छह	1401	13.08	4.55
6	**ओडिशा**	चार	89	0.70	0.52
कुल			**9536**	**88.4**	**15.46**

सारणी 2: मिष्टी की शुरुआत से अब तक कन्वर्जेंस के ज़रिए मैंग्रोव पुर्नस्थापन

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	मैंग्रोव पुर्नस्थापन के लिए लिया गया कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)
1	महाराष्ट्र	191.97
2	आंध्र प्रदेश	837.76
3	पुदुचेरी	6.00
4	लक्षद्वीप	0.006
5	गोवा	41.8
6	पश्चिम बंगाल	10
7	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	17
8	कर्नाटक	355
9	गुजरात	19220
10	ओडिशा	761
11	दादरा और नगर हवेली दमन और दीव	50.92
12	केरल	8.88
13	तमिलनाडु	1060
कुल		**22560.34**

***